## दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव में वैदिक यज्ञ में 25 जोड़ों ने आहुतियां दी

**नागदा।** गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, नागदा जंक्शन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव वैदिक परंपराओं के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। महोत्सव के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार एवं गुरु वंदना के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रात: 8.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता पवन बिल्लौरे एवं सुनील प्रजापत के आचार्यत्व में पंचकुंडीय वैदिक यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ में लगभग 25 जोड़ो ने वैदिक रीति से आहुतियां अर्पित कीं, जबकि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। महोत्सव के दौरान विद्यारंभ संस्कार,



अन्नप्राशन संस्कार, पुंसवन संस्कार सहित अनेक वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। संस्कारों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं सनातन परंपराओं को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से गायत्री महिमा, गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक महत्व एवं गुरु-शिष्य परंपरा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सामूहिक आराधना में सहभागिता की। इस अवसर पर मंच से युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणादायी जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण एवं युग परिवर्तन के

> समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, नागदा की ओर से छह मातृशक्तियों को नौ दिवसीय साधना एवं प्रशिक्षण सत्र में सहभागिता हेतु शांतिकुंज, हरिद्वार के लिए भावपूर्ण विदाई भी दी गई। गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट, नागदा के मुख्य ट्रस्टी तेजबहादुर शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव का उद्देश्य गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा जागृत करना, वैदिक संस्कारों का प्रसार करना तथा समाज में आध्यात्मिक एवं नैतिक चेतना का विस्तार करना है।

संकल्प तथा शांतिकुंज, हरिद्वार की स्थापना, सेवा, संस्कार एवं आध्यात्मिक जागरण के इतिहास पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि शांतिकुंज आज विश्वभर में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और वैदिक जीवन पद्धति के प्रसार का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

कार्यक्रम में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने सहभागिता कर यज्ञ में आहुति अर्पित की तथा ट्रस्ट के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने वाला बताते हुए गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।

## मॉडल स्कूल में गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित




**घट्टिया। शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के समापन पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

इसमें भाषण प्रतियोगिता में छात्रा यशोदा 11वीं प्रथम, विहान 7वीं द्वितीय, निबंध लेखन में दीपिका प्रजापति 11वीं प्रथम, भूमिका ढीमर 12वीं, श्लोक भजन गीत तथा गुरु वंदना गायन में विहान 7वीं प्रथम, किंजल 7वीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा पर विद्यालय में सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया व शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक अनिल कैन कॉमर्स, राहुल देव शर्मा केमिस्ट्री, जयश्री गोयल जीव विज्ञान, रीनासेन अंग्रेजी, निशा शर्मा हिंदी, कृपा शंकर हिस्ट्री, कमल मालवीय भौतिक शास्त्र, मंजुला रावत अर्थशास्त्र, सीमा निहाले गणित, श्वेता हीरावत संस्कृत को संस्था प्राचार्य अनिल कैन ने पुरस्कृत कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रीना सेन ने किया व आभार चेतना वैध्य ने माना ।

### एक नजर में



#### देर रात तक चला भंडारा, गुरु पूजन कर भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की

**घट्टिया।** अतिप्राचीन दिव्य श्री लवखेड़ी हनुमान धाम पर बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर्व देवराह बाबा आश्रम के संत श्री श्री 1008 श्री महंत सियारामदास त्यागी के सानिध्य में बालाजी का आकर्षक चोला श्रृंगार कर गुरु पूजन का आयोजन किया गया ।इसी के साथ भंडारे का आयोजन भी हुआ जो कि सुबह 10 बजे से देर रात तक चला। भक्तों ने गुरु पूजन कर भोजन प्रसादी का लाभ लिया।

#### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव आज

**नागदा।** जीवाजी नगर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिक उत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ 31 जुलाई को मनाया जाएगा। उत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति के पुजारी पं. अजय पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे भगवान नर्मदेश्वर महादेव के पूजन एवं विशेष अभिषेक से होगा, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। आयोजन का समापन दोपहर 3 बजे भव्य महाआरती के साथ होगा। मंदिर समिति एवं नर्मदेश्वर महादेव भक्त मंडल ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा धर्मलाभ लेने की अपील की है। जानकारी ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार के निलेश मेहता ने दी।

#### गुरु कृपा से आलोकित हुआ द्वारिका, श्रद्धा-भक्ति से मनाया गुरुपर्व



**उज्जैन।** नानाखेड़ा स्थित धर्म विज्ञान शोध ट्रस्ट द्वारिका उज्जैन में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ भव्य एवं भावनात्मक रूप से मनाया गया। इस पावन अवसर पर धर्म विज्ञान परिवार के सभी सदस्यों की सहभागिता ने पूरे परिसर को भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। संस्था के अमित माथुर ने बताया कि गुरु कृपा के इस दिव्य पर्व पर धर्मविज्ञान के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉ. जे. जोशी द्वारा प्रारंभ किए गए एक लाख अरब राम नाम जप संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सभी साधकों द्वारा 01 लाख राम नाम जप, 108 श्री हनुमान चालीसा एवं 51 सुंदरकाण्ड पाठ का संकल्प पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में सभी धर्मवैज्ञानिकों ने अत्यंत श्रद्धा भाव से गुरुमाता का पाद पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात पं. अथर्व जोशी ने विधिवत महाआरती संपन्न कराई गई। सायंकाल 06 बजे से आयोजित गुरु प्रसाद (भोजन प्रसादी) में सभी श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा के साथ सहभागिता की और प्रसादी ग्रहण कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। इस अवसर पर गोपाल बाल्दी, जगदीश मंत्री, सचिन पंड्या, सीमा राठौर, संकल्प जोशी, गिरिराज गुप्ता, पवन दाभाड़े, डॉ. ऋषि दुबे, राधिका पंड्या, प्रदीप सोमानी, सुनीत माथुर, सतपाल यादव, जीवन मीणा, संदीप सोलंकी सहित देश के विभिन्न स्थानों से पधारे धर्मवैज्ञानिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### पेंशनर्स के हितों की आवाज बनेगा संयुक्त मोर्चा



**उज्जैन।** जिले के विभिन्न पेंशनर्स संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार दोपहर इंडियन काफी हाउस, उज्जैन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश तिवारी ने की। इस दौरान पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान तथा उनके हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से सर्वसम्मति से संयुक्त मोर्चा पेंशनर्स संघ, जिला उज्जैन का गठन किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संघ, उज्जैन जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक संघ, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तथा सेवानिवृत्त इंजीनियर संघ के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से प्रमोद सिंह भदोरिया को संयुक्त मोर्चा का अध्यक्ष, देवेंद्र व्यास को महामंत्री, चंद्रशेखर जोशी को कोषाध्यक्ष तथा अखिलेश तिवारी एवं अशोक दुबे को संयोजक मनोनीत किया गया। इसी प्रकार दिनेश कुमार सोलंकी, अरविंद किशोर भटनागर, यशपाल सिंह यादव, ओमप्रकाश दुबे एवं कोमल भूतड़ा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कार्यकारिणी में अभय कुमार जैन, सीताराम चौहान, भगवान सिंह उपाध्याय, पुष्पलता व्यास, संध्या दीक्षित, मंजूलता भाटी, सज्जन सिंह सेन, सोहनलाल पंड्या, राधेश्याम शर्मा, योगेंद्र सिंह सेंगर, संजय सोनी तथा जहीर खान को सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं डॉ. स्वामीनाथ पांडेय को संयुक्त मोर्चा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया ।बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## उज्जैन में निकली संत रविदास सम्मान यात्रा, मंदिरों में हुई विशेष पूजा

**उज्जैन। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्य प्रदेश द्वारा शहर में संत रविदास मंदिर पूजन और संत सम्मान यात्रा निकाली गई। शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समरसता संकल्प अभियान के तहत संत रविदास मंदिर में आरती-पूजन कर संतों का सम्मान किया गया। सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा नेता ओमप्रकाश मोहने के नेतृत्व में पंचमपुरा स्थित संत रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती के साथ यात्रा शुरू हुई।**

महापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि पंचमपुरा से शुरू होकर यात्रा मोतीनगर, नानाखेड़ा गांधीनगर धर्मशाला, सामाजिक न्याय



परिसर, भैरवगढ़ स्थित सूर्यवंशी गुजराती समाज, खाक चौक धाम, नामदारपुरा स्थित जिला रविदास मंडल मंदिर, वृंदावनपुरा चरण पादुका गुरुद्वारा, खटीकवाड़ा और क्षिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट मंदिर पहुंची। यहां दर्शन-पूजन कर संतों का सम्मान किया गया। यात्रा का उद्देश्य संत गुरु रविदास के समता, सद्भाव, सेवा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। समापन पर संतों का आशीर्वाद लेकर समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल, पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, डॉ. प्रभुलाल जाटवा, मुकेश पोरवाल, सतीश सिंदल, परेश कुलकर्णी, अजाक्स जिलाध्यक्ष रतनलाल परमार, अशोक चौधरी, आत्माराम पंचोली, ए.के. टिटारे, कमल वेरवा, जितेंद्र भाटी, केलाशचंद्र सूर्यवंशी, सीताराम समरवाल, इकबाल सिंह गांधी, सुलेखा तबर, सुशीला जाटवा, दुर्गा बुलेटिया, अंकित मोहने, किशोर मोहने, छोटू, राजश्री और श्याम आमोलिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालु उपस्थित थे।




## श्री आरएएम कॉलेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

**घट्टिया।** श्री आरएएम कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, घट्टिया में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गुरुजनों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक बलवीर सिंह पंवार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय संचालिका श्रीमती भावना चौहान ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य मुकेश जाटव ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करता है तथा ज्ञान, संस्कार और सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। संचालन सुनील सिन्दल ने किया व आभार शिवांगीनी बाली ने माना। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु वंदना एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व प्रस्तुत किया तथा अपने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने टीजेएसबी बैंक ने चलाया जागरूकता अभियान

**उज्जैन।** डिजिटल बैंकिंग के दौर में बढ़ते साइबर अपराधों से आमजन और विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए टीजेएसबी सहकारी बैंक की उज्जैन शाखा द्वारा दो दिवसीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 40 से 50 वरिष्ठ नागरिकों और ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**दत्त मंदिर और बैंक शाखा में हुए आयोजन**-कार्यक्रम का पहला चरण 29 जुलाई को ऋषि नगर स्थित दत्त मंदिर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंकज चांदोर्कर, प्रदीप जोग, विजय घाटपांडे, दीपाली तारे, ज्योति चौघुले और मिलिंद पन्हाळकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद 30 जुलाई को बैंक की उज्जैन शाखा में दूसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें



### किसी से साझा न करें गोपनीय जानकारी

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी व यूपीआई फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क किया। ग्राहकों को सलाह दी गई कि वे अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड और सीवीवी कभी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत बैंक को देने को कहा गया।

विजय केवालिया, अशोक लांडगे, मिलिंद पन्हाळकर, शुभाशचंद्र जोशी और सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

## असली गुरु वही जो शिष्य में राष्ट्रीय भावना का संचार करें

**उज्जैन।** असली गुरु वह है जो शिष्य के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन कर उसमें राष्ट्रीय भावना का संचार करे, जिससे वह समाज और देश के लिए कार्य कर सके। विद्यार्थी जीवन में कड़े अनुशासन और नियमों का पालन कर ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह बात परमाचार्य डॉ. देवकरण शर्मा ने चिंतामण स्थित ऋषि संस्कृति संवर्धन गुरुकुल में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित गुरु सम्मान समारोह में कही।

डॉ. शर्मा ने कहा कि पालकों को मोह त्यागकर बच्चों को गुरुकुल के अनुशासन में रहने और कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार और चिंतक डॉ. हरीशकुमार सिंह ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हमारी विद्या को नष्ट करने के प्रयास किए, लेकिन गुरुकुल के ऋषियों ने श्रुत परंपरा से उस ज्ञान को पुनर्जीवित किया। इसी




कारण हम वैदिक ज्ञान में आज भी विश्वगुरु हैं। विशेष अतिथि भारत भारती उज्जैन के उपाध्यक्ष शैलेष लेले ने सनातनी और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के समन्वय पर जोर देते हुए गुरुकुल प्रणाली को आज के समय की महती आवश्यकता बताया।

गुरुकुल के कोषाध्यक्ष सुभाष पाठक ने संस्था के विकास की जानकारी देते हुए बताया कि यहां से शिक्षित छात्र राष्ट्रसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। समारोह में आचार्य हेमन्त पण्ड्या ने यज्ञोपवीत एवं यज्ञ कर्म संपन्न कराया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए आचार्य सतीश शर्मा, महेश रावल, मोहित शर्मा और दीपक पाठक का सम्मान किया गया। साथ ही नवीन बटुकों को दीक्षा देकर ग्रंथ अर्पित किए गए। कार्यक्रम में गुरुकुल की प्रबंधक न्यासी विष्णुदेवी शर्मा और वंदना पाठक विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन सुभाष पाठक ने किया और आभार प्रबंधक सुरेश शर्मा ने माना।




## संगीता तल्लेरा के मालवी काव्य संग्रह ओढ़नी का सीएम ने किया विमोचन

**उज्जैन।** मालवी भाषा और लोक संस्कृति को समर्पित कवयित्री संगीता तल्लेरा के मालवी काव्य संग्रह ओढ़नी का नवनिर्मित गीता भवन आडिटोरियम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मालवी भाषा, साहित्य और लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कवयित्री के प्रयासों की सराहना करते हुए काव्य संग्रह के प्रकाशन पर बधाई दी। यह संगीता तल्लेरा की दूसरी कृति है। इससे पूर्व उनकी हिन्दी कविताओं की पुस्तक मनपंखी प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन अवसर पर कवयित्री संगीता तल्लेरा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी सहित उपस्थित सभी गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया।

## ब्रह्मलीन पं. रमेशचंद्र पण्ड्या की स्मृति में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**उज्जैन। शहर के गजानन अनुष्ठान केंद्र द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष यह समारोह वेदमूर्ति ब्रह्मलीन पंडित रमेशचंद्र पण्ड्या की पावन स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्वानों व विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. गोविंद वल्लभ द्विवेदी ने की और पं. विजय व्यास का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत भाषण पं. डॉ. गोपाल शुक्ल ने दिया तथा आशीर्वचन दीप्तेश दुबे ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में अंजना पंड्या का विशेष सानिध्य रहा और संचालन पं. आभास शास्त्री ने किया।




### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर कानपुर से विशेष रूप से आए आयुष्मान सिंह सहित मंगलनाथ मंदिर के पुजारी पं. संजय दुबे, पं. दुर्गेश तारे, पं. योगेश पांडे, पं. राजेश शर्मा, पं. आलोक भट्ट, पं. जयेन्द्र व्यास, पं. सुधीर पंड्या, पं. अंकित जोशी, पं. गोविंद शुक्ल, पं. रवि शुक्ल और पं. जितेंद्र शुक्ल सहित गजानन अनुष्ठान परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### इन विद्वानों को मिला स्मृति सम्मान

समारोह में ज्योतिषाचार्य पं. गोविंद द्विवेदी, वेदमूर्ति पं. उमेश शर्मा, वेदमूर्ति पं. जयनारायण, वेदमूर्ति पं. डॉ. गोपाल शुक्ल और वेदमूर्ति पं. सोहन भट्ट को वेदमूर्ति ब्रह्मलीन पंडित रमेशचन्द्र पंड्या स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष बनने पर पं. हिमांशु शुक्ल को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, ब्रह्मलीन पं. कैलाश व्यास, ब्रह्मलीन पं. भरत पंड्या, ब्रह्मलीन उमेश भट्ट और ब्रह्मलीन पं. कमल शुक्ल को पावन स्मृति सम्मान अर्पित किया गया।

### एक नजर

#### गुरु शिष्य के जीवन की दिशा बदल देता है : प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह

## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**उज्जैन।** माधव महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. संतोष शर्मा, प्रो. लक्ष्मण सिंह गोरस्या और डॉ. शोभा मिश्र को गुरु सांदीपनि सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

**प्रेरणा से संवर सकता है बच्चे का जीवन**-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु जो कुछ सिखाते हैं, उससे शिष्य के जीवन की दिशा और दशा बदल जाती है। शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों से जुड़ना चाहिए। यदि एक भी विद्यार्थी शिक्षक के संदेश से अपना जीवन बदल लेता है, तो यह गुरु की सबसे बड़ी सफलता है। छात्रों को अपना कार्य स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए और शिक्षकों को उन छात्रों की मदद करनी चाहिए जो समाधान के लिए उनकी ओर देखते हैं। आपकी प्रेरणा से एक बच्चे का जीवन संवर सकता है। डॉ. शोभा मिश्रा ने गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने और अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित करने की बात कही, साथ ही अपनी कविता भी प्रस्तुत की।



### विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख करें

सम्मानित होने पर प्रो. लक्ष्मण गोरस्या ने कहा कि गुरु वह है जो गुर सिखाए। हमें विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख करना चाहिए और उन्हें ऐसी मानसिक व शारीरिक शिक्षा देनी चाहिए जिससे उनका जीवन संवर जाए।



## 17 जुलाई से भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन जारी

**खाचरौद।** राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना मार्शल कौम संयुक्त यूनियन मोर्चा के बैनर तले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. संतोष कल्याणे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के समस्त सफाई कर्मचारियों की प्रमुख एवं न्यायोचित मांगों को लेकर 17 जुलाई से भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन जारी है। इसी आंदोलन के समर्थन में संगठन के आह्वान पर पूरे मध्यप्रदेश में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं मांग-पत्र सौंपने के क्रम में आज खाचरौद इकाई द्वारा समस्त सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज के साथ मिलकर 11 सूत्रीय मांग-पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम सौंपा गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मांग-पत्र प्राप्त कर शासन तक समस्त मांगों को पहुंचाने तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समस्त वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजन, युवा साथि संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मचारी उपस्थित रही।